(c) Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI HARMOHAN DHAWAN) (a) Yes, Sir

(b) The main issues discussed were

(i) Shortage of capacity on the domestic sector,

(ii) Facilities to passengers of Indian Airlines for checking in and flight information,

(iii) Gulf crisis and its impact on Air India,

(iv) Improved facilities to international passengers

(c) The A320 aircraft has been re inducted in the domestic sector with effect from 3rd December, 1990 in a phased manner This will help relieve the shortage of capacity in the domestic sector The facilities to passengers of Indian Airlines for checkng in and flight information are being constantly improved The facilities at the airports for domestic and international passengers are also being continuously upgraded

**सातवीं योजना अवधि में किया गया ज्वार तथा सौर ऊर्जा का उत्पादन**

1206. श्री अजीत जोगी :

कुमारी आलिया :

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवी योजना अवधि मे कुल कितनी मात्रा मे ज्वार तथा सौर ऊर्जा का उत्पादन किया गया,

(ख) सातवी योजना के अन्तिम वर्ष मे ऐसी ऊर्जा का कितना उत्पादन हुआ, और

(ग) आठवी योजना अवधि मे इस का क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बाबनराव धाकने) : (क) और (ख) सातवी योजना के दौरान ज्वारीय और सौर स्रोतो से वाणिज्यिक स्तर पर विद्युत ऊर्जा का उत्पादन शुरू नही किया गया था। तथापि, सातवी योजना के दौरान घरेलू और सड़क रोशनी, बैटरी चार्जिंग, जल पंपन तथा सूक्ष्म-तरंग रिपीटर केन्द्रो में प्रयोग की जाने वाली सौर प्रकाशवोल्टीय प्रणालियो और युक्तियो से कुल ऊर्जा का उत्पादन लगभग 11.25 मिलियन यूनिट होने का अनुमान है जिसमे सातवी योजना के अंतिम वर्ष मे उत्पादित 4 मिलियन यूनिट से अधिक विद्युत भी शामिल है। इसके अलावा, सौर तापीय प्रणालियो जैसे सौर कुकरो, सौर जल तापन प्रणालियो के उपयोग से खाना पकाने तथा तापन अनुप्रयोगो के लिए उपयोग किए जा रहे ऊर्जा के अन्य स्रोतो मे महत्वपूर्ण बचत हुई है।

(ग) आठवी योजना को अंतिम रूप नही दिया गया है।

**व्यावसायिक कालेज खोलना**

1207. श्री अजीत जोगी :

कुमारी आलिया :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या देश मे व्यावसायिक कालिजो के खोले जाने के संबंध मे कोई रोक लगाई गई है ;

(ख) यदि हा, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या यह रोक उन राज्यो के लिए उठा ली जाएगी जहा व्यावसायिक कालेजो की संख्या अपेक्षाकृत कम है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भार्गव गोवर्धन) : (क) से (ग) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् जनशक्ति-अपेक्षा, उभरते हुए शिक्षा क्षेत्रों के विकास, वित्तीय व्यवहार्यता आदि जैसे अनेक घटको पर विचार करने के बाद ही नई तकनीकी संस्थाओ

को खोलने से सम्बन्धित प्रस्तावो पर विचार करती है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा नई तकनीकी संस्थाओ के खोलने के प्रस्ताव पर कोई प्रतिबध नहीं लगाया गया है।

शिक्षक शिक्षा कालेजों के लिए केन्द्रीय स्तर पर अभी तक कई सांविधिक प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

विधि कालेजो का गठन स्थानीय आवश्यकताओ को ध्यान मे रखकर संबंधित विश्वविद्यालय के साथ सम्बद्धन सहित किया जाता है।

**आठवीं योजना अवधि के दौरान कोयले की मांग तथा उत्पादन**

1208 श्री अजीत जोगी
कुमारी आलिया :

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आठवी पचवर्षीय योजना के अंत तक कोयले की कुल कितनी अनुमानित माग होगी तथा कितनी मात्रा मे उत्पादन होने की संभावना है ,

(ख) क्या इस संबंध मे कोई दीर्घ-अवधि नीति तैयार की जा चुकी है ,

(ग) यदि हा, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) मध्य प्रदेश मे स्थित कोयला खानो मे इसकी प्रतिशतता क्या होगी ?

**ऊर्जा मंत्री (श्री कल्याण सिंह कालवी)** (क) से (ग) आठवी पचवर्षीय योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। किंतु योजना आयोग द्वारा गठित आठवी पचवर्षीय योजना के लिए कोयला तथा लिग्नाइट से सबधित कार्यकारी दल ने आठवी योजना के अंतिम वर्ष (1994–95) तक कच्चे कोयले की 315 मि० टन माग होने का अनुमान लगाया है। कार्यकारी दल ने वर्ष 1994–95 तक 310 31 मि० टन कोयला उत्पादन योजना का सुझाव दिया है और माग तथा उपलब्धता के बीच का अंतराल को खान-मुहाना भडारो तथा इस्पात क्षेत्र के लिए अपेक्षित कोककर कोयले के आयात द्वारा पूरा किए जाने का प्रस्ताव है। उत्पादन में वृद्धि निम्नलिखित के जरिए प्राप्त किया जाएगा—उत्पादकता, विद्यमान खानों तथा चालू परियोजनाओं के उत्पादन द्वारा और नई परियोजनाओं का विकास करके।

(घ) मध्य प्रदेश मे स्थित कोयला क्षेत्रो से वर्ष 1994–95 के दौरान कोयले का उत्पादन, अखिल भारतीय उत्पादन के लगभग 27% प्राप्त होने की संभावना है।

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन के क्षेत्रीय कार्यालयों का खोला जाना**

1209. श्री अजीत जोगी :
कुमारी आलिया :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का केन्द्रीय विद्यालय संगठन के कुछ और क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का विचार है ,

(ख) यदि हा, तो ये कार्यालय कब तक खोले जायेंगे ;

(ग) क्या मध्य प्रदेश मे भी एक क्षेत्रीय कार्यालय खोले जाने के लिए कोई मांग की गई है; और

(घ) यदि हा, तो यह कार्यालय वहा पर कब तक खोले जाने की संभावना है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागेय गोवर्धन) :** (क) जी, नही।

(ख) प्रश्न नही उठता।

(ग) और (घ) मध्य प्रदेश मे एक नया क्षेत्रीय कार्यालय खोलने के सुझाव की जाच की गई थी। परन्तु केन्द्रीय विद्यालय सगठन ने कोई भी नया क्षेत्रीय विद्यालय नही खोलने का निश्चय किया है।